नामीबिया में माँस के लिये वन्यजीवों को मारने की योजना

[स्रोत: इकनोमिक टाइम्स]

नामीबिया सरकार देश में **भयंकर सूखे और भुखमरी के संकट के कारण** भोजन के लिये **83 हाथियों सहित 723 वन्यजीवों** को मारने की योजना बना रही है। इस कदम का उद्देश्य भोजन उपलब्ध कराना तथा संसाधनों की कमी के कारण मानव-वन्यजीव संघर्ष को कम करना है।

- यह **योजना नामीबिया के नागरिकों के लाभ के लिये प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करने के** संवैधानिक जनादेश के अनुरूप है।
  - नामीबिया बढ़ते **मानव-वन्यजीव संपर्क को कम करने के लिये भी कार्य कर रहा है, जो सूखे के दौरान और भी बढ़** जाता है क्योंकि दोनों ही जल तथा वनस्पति की तलाश में होते हैं।

नामीबिया:

- नामीबिया एक **दक्षिणी अफ्रीकी देश** है, जिसकी पश्चिमी सीमा अटलांटिक महासागर द्वारा बनाई गई है। यह **अंगोला और जाम्बिया के साथ अपनी उत्तरी सीमाएँ साझा करता है**, जबकि बोत्सवाना इसके पूर्व में स्थित है तथा दक्षिण अफ्रीका इसके पूर्वी व दक्षिणी दोनों क्षेत्रों की सीमाएँ बनाता है।
- नामीबिया को **उप-सहारा अफ्रीका में सबसे शुष्क देश माना जाता है।** यह वैश्विक स्तर पर सबसे कम घनी आबादी वाले देशों में से एक है।
- **वर्ष 1884 में जर्मन साम्राज्य ने इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्से पर औपनिवेशिक शासन स्थापित किया, जिसका नाम जर्मन दक्षिण पश्चिम अफ्रीका रखा** गया।
- **नामीब, कालाहारी, सक्सुलेंट कारू और नामा कारू रेगिस्तान नामीबिया** में स्थित हैं।
- **ज़ाम्बेजी, ओकावांगो तथा कुनेने नामीबिया** की महत्त्वपूर्ण नदियाँ हैं।

//

और पढ़ें: [मानव-वन्यजीव संघरष]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/namibia-plans-to-butcher-wild-animals-for-meat